# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–28.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य में 13 नवंबर को 43 सीटों पर होने वाले पहले चरण के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की जांच पूरी।
- झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने की अनोखी पहल, सोशल मीडिया पर चलाया मम्मी–पापा वोट दो अभियान
- 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का कल आखिरी दिन, धनवार से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और डुमरी से झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी समेत कई प्रत्याशियों ने आज दाखिल किये नामांकन।
- भाजपा, आजसू और झामुमो नेताओं ने उम्मीदवारों के नामांकन के समय जनसभाओं को भी किया संबोधित, एक–दूसरे पर जमकर लगाये आरोप।
- भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

***************

झारखंड में 13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन पत्रों की जांच आज पूरी हो गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज रांची में पत्रकारों को बताया कि कल दिन के 11 बजे के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी। इस चरण के मतदान के लिये कुल आठ सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं।

***************

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने गढ़वा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्र नाथ तिवारी के नामांकन को रद्द करने की मांग की है। रांची में एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि श्री तिवारी ने अपने नामांकन के साथ सरकार का नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा नहीं किया है, जो जरुरी दस्तावेज है। श्री भट्टाचार्य ने इस मामले को कोर्ट तक ले जाने की बात भी कही।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा कई अनोखी पहल की जा रही है। इस कड़ी में आज सोशल मीडिया पर मम्मी–पापा वोट दो अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत स्कूलों में छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्र–छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपने माता–पिता को पत्र लिखा जिसे बाद में माता–पिता द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया।

***************

उधर, मतदाता जागरूकता को लेकर देवघर जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************

राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 38 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज नामांकन दाखिल किया। उधर, गिरिडीह सीट से पार्टी प्रत्याशी निर्भय कुमार शहाबादी ने भी नामांकन का पर्चा भरा। बाद में एक जनसभा भी की गयी। मौके पर भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर रवीन्द्र राय भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने आरोप लगाया कि झामुमो–कांग्रेस की सरकार में राज्य की महिलाएं रोज अपमानित हो रही हैं।

***************

इधर, दुमका विधानसभा सीट से आज भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन, शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू, जरमुंडी से देवेंन्द्र कुंवर, देवघर से नारायण दास, नाला से माधव चंद्र महतो, मनोहरपुर से नवनीत हेंब्रम, मधुपुर से गंगा नारायण सिंह, सारठ से रणधीर कुमार सिंह, पोड़ैयाहाट से देवेंद्र नाथ सिंह, महागामा से अशोक कुमार भगत और जामताड़ा सीट से सीता सोरेन ने अपनी उम्मीदवारी के पर्चे दाखिल किये। उधर,

रामगढ़ विधानसभा सीट से आजसू की प्रत्याशी सुनीता चौधरी और डुमरी से यशोदा देवी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।

***************

उधर, झामुमो, कांग्रेस, राजद और वाम दलों के कई प्रत्याशियों ने भी आज अपनी नामजदगी के पर्चे भरे। डुमरी विधानसभा सीट से झामुमो की प्रत्याशी और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने नामांकन दाखिल किया। जामा सीट से झामुमो प्रत्याशी लुईस मरांडी, लिट्टीपाड़ा से हेमलाल मुर्मू, महेशपुर से स्टीफन मरांडी, देवघर विधानसभा सीट से राजद उम्मीदवार सुरेश पासवान और बगोदर विधानसभा सीट के लिए भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने भी परचे दाखिल किये। नाला विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के उम्मीदवार के रूप में कन्हाई माल पहाड़िया ने भी अपना नामांकन पत्र भरा।

***************

संताल परगना में विभिन्न भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठ के मुद्दे पर फिर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला।

श्री सरमा ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन पर अमर्यादित टिप्पणी करने के लिए राज्य के मंत्री डा. इरफान अंसारी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने मुख्यमंत्री से डा. अंसारी को कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग की।

***************

उधर, रामगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जोर देकर कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है।

***************

इधर, डुमरी में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री सोरेन ने पिछले पांच साल की चुनौतियों का हवाला देकर लोगों से समर्थन की मांग की।

***************

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

***************

पलामू जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाये गये अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखे गये हथियार और गोलियां बरामद की हैं।

*******समाप्त*******